# जन सुनवाई कार्यवाही विवरण

मैसर्स किसान कन्सट्रक्शन कम्पनी, प्रस्तावित खनन परियोजना (मेसेनरी स्टोन) के खनन की कलस्टर मय खनन् परियोजना, रेफेरन्स नं. – 20211000046069, क्षेत्रफल – 1.9738 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 100400 टन प्रतिवर्ष (रोम) एवं क्लस्टर का कुल क्षेत्रफल – 9.9738 हैक्टेयर, कलस्टर की उत्पादन क्षमता – 709172 टन प्रतिवर्ष (रोम), ग्राम– दुजार, तहसील – लाड़नूं, जिला – नागौर (राजस्थान) में पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु उपखण्ड मजिस्ट्रेट, लाड़नूं, जिला नागौर की अध्यक्षता में दिनांक 03.03.2023 को दोपहर 11:00 बजे भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र (आई.टी.सेन्टर), गांव– दुजार, तहसील– लाड़नूं,, जिला–नागौर (राजस्थान) में आयोजित जन सुनवाई की कार्यवाही **(Minutes)** का विवरण :–

वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के अनुसरण में कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, नागौर के पत्र क्रमांक न्याय/प्रदूषण/ज.सु.2023/335 दिनांक 16.01.2023 एवं क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल, नागौर के पत्र क्रमांक राप्रनिम/आरओ–नागौर/पी.यू.बी.– 146/2001 दिनांक 18.01.2023 के अनुपालना में मैसर्स किसान कन्सट्रक्शन कम्पनी, प्रस्तावित खनन परियोजना (मेसेनरी स्टोन) के खनन की कलस्टर मय खनन् परियोजना, रेफेरन्स नं. – 20211000046069, क्षेत्रफल – 1. 9738 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 100400 टन प्रतिवर्ष (रोम) एवं क्लस्टर का कुल क्षेत्रफल – 9.9738 हैक्टेयर, कलस्टर की उत्पादन क्षमता – 709172 टन प्रतिवर्ष (रोम), ग्राम– दुजार, तहसील – लाड़नूं, जिला – नागौर (राजस्थान) के खनन से सम्बन्धित जनसुनवाई दिनांक 03.03.2023 को आयोजित की गई। जन सुनवाई में उपस्थित सभी व्यक्तियों का विवरण मय हस्ताक्षर **परिशिष्ट संख्या 01** पर संलग्न है। जनसुनवाई की आम सूचना दो स्थानीय समाचार पत्र दैनिक नवज्योति समाचार पत्र एवं राजस्थान पत्रिका समाचार पत्र में दिनांक 23 जनवरी 2023 (सोमवार) को प्रकाशित की गई थी जिसकी प्रति **परिशिष्ट संख्या 02** पर संलग्न है।

जनसुनवाई के प्रारम्भ में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय अधिकारी श्रीमती सविता ने सभी आंगतुकों का स्वागत किया। तत्पश्चात श्री अनिल कुमार उपखण्ड अधिकारी, लाडनूं, जिला नागौर की अनुमति से जनसुनवाई प्रारम्भ की गई।

श्रीमती सविता, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, नागौर ने जनसुनवाई के प्रावधान, उदेद्श्य एवं महत्व तथा प्रस्तावित परियोजना के बारे में जानकारी दी एवं परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी देने हेतु पर्यावरणीय सलाहकार को जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं ग्रामवासियों/व्यक्तियों को प्रस्तावित खनन परियोजना के बारे में विस्तार से अवगत कराने बाबत् आमंत्रित किया।

परियोजना प्रबंधक की ओर से खनन परियोजना के पर्यावरणीय सलाहकार वाईब्रेंट टेक्नो लेब प्राईवेट लिमिटेड, जयपुर के पर्यावरणीय सलाहकार श्री उमेश कुमार शर्मा के माध्यम से जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं ग्रामवासियों/व्यक्तियों को विस्तृत जानकारी दी। खनन परियोजना के सम्बन्ध में, कलस्टर प्रमाण पत्र एवं नक्शा जानकारी, परियोजना की स्थिति, लोकेशन मैप, खनन पट्टे की गूगल इमेजनरी, परियोजना की प्रमुख विशेषताएं, परियोजना का विवरण, क्षेत्र की पर्यावरणीय स्थिति का विवरण, परिवहनभार, पर्यावरण संरक्षण उपाय, खनन की समय सीमा समाप्ति पर भूमि का उपयोग, पर्यावरण प्रबंधन के साथ हरित पट्टिका का विकास, पर्यावरण प्रबंधन योजना (वायु, जल, ध्वनि, ठोस अपशिष्ठ गुणवत्ता प्रबंधन,) व्यवसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, श्रमिक कल्याण हेतु प्रस्तावित कार्य से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया खनन योजना के दौरान ऑवर बर्डन के रूप निकलने वाले अपशिष्ट को अनुमोदित माइंनिंग प्लान के अनुसार इकट्ठा किया जायेगा एवं वृक्षारोपण द्वारा स्थिर किया जायेगा, साथ ही पर्यावरण संरक्षण की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित खनन परियोजना से होने वाले प्रदूषण, उसके प्रंबधन तथा मण्डल मानकों के अनुरूप रोकथाम करने के प्रस्तावित प्रयासों से अवगत कराया। साथ ही वृक्षारोपण, कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सी.एस.आर.), व्यवसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई।

श्रीमती सविता, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, नागौर एवं श्री अनिल कुमार उपखण्ड अधिकारी, लाडनूं, जिला नागौर की ओर से जनसुनवाई में

उपस्थित लोगों को अपने विचार/आपत्ति सुझाव प्रकट करने के लिए आंमत्रित किया गया।

इसी क्रम में उक्त खनन परियोजना से संबंधित उपस्थित व्यक्तियों में से कुछ विचार मौखिक रूप से व्यक्त किये गये जो निम्न प्रकार है:-

1. श्री भंवर सिंह निवासी ग्राम दुजार ने सुझाव व्यक्त किया की आस-पास क्षेत्र में सड़को का निमार्ण किया जाना चाहिए।
2. इस पर परियोजना के पर्यावरणीय सलाहकार ने बताया कि परियोजना प्रस्तावक के द्वारा पर्यावरणीय सरंक्षण के उपायो के तहत किये जाने वाले कार्यो के अन्तर्गत खनिज परिवहन मार्ग के रखरखाव का प्रावधान रखा गया है जिसके हेतु 1.0 लाख रूपये प्रतिवर्ष एवं सामाजिक दायित्वो के तहत किये जाने वाले कार्यो के अन्तर्गत आस-पास के गांवो मे सडको की मरम्मत हेतु 0.50 लाख रूपये प्रतिवर्ष व्यय करने का प्रावधान रखा गया है।
3. श्री राजेन्द्र स्वामी, पूर्व पंचायत सहायक ने पूछा कि जो भी बजट अथवा कार्य बताये गए है उनकी पालना कौन करेगा तथा पूर्व की परियोजनाओ द्वारा जो ध्वनि प्रदूषण होता है एवं खनिज को ट्रको में ढक कर नही ले जाया जाता है तथा यह भी सुझाव दिया की जो भी कार्य परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरणी एवं समाज कल्याण हेतु बताये गए है विभाग द्वारा इसका समय-समय पर निरीक्षण किया जाए क्यो की पूर्व की परियोजनाओ द्वारा इनकी पालना नही हो रही है तथा कहा की इस क्षेत्र में पूर्व कई वर्षो से बहुत सी मान्यता प्राप्त खनन परियोजनाए चल रही है परन्तु डी.एम.एफ.टी. फण्ड द्वारा गाव के विकास हेतु कोई भी कार्य नही किया गया है तथा आग्रह किया कि खान विभाग एवं राज्य सरकार द्वारा गांव के विकास हेतु डी.एम.एफ.टी. फण्ड का पैसा इसी क्षेत्र में लगाया जाये।
4. इस उपखण्ड अधिकारी, लाडनूं ने भी बताये गए पर्यावरणीय एवं समाजिक कार्यो के बारे में पूछा की इनकी पालना कौन करेगा।
5. इस पर परियोजना के पर्यावरणीय सलाहकार ने बताया की जो भी पर्यावरणीय एवं समाजिक कार्यो के बारे मे बताया गया है जब इस परियोजना को पर्यावरणीय अन्नापत्ति प्रमाण प्रत्र प्राप्त होगा तब उसमे ये सभी बिन्दु सशर्त दिये जाते है तथा

उनकी पालना हेतु परियोजना प्रस्तावक बाध्य होता है एवं इस हेतु उसे प्रत्येक 6 माह मे एक कम्पलाईन्स रिपोर्ट भी सम्बधित विभागो में भेजनी होती है तथा अगर वह इसकी पालना नही करता है तो यह पर्यावरणीय अन्नापत्ति प्रमाण पत्र रद् करने का प्रावधान भी है। तथा जो भी कल्याण के कार्य डी.एम.एफ.टी. फण्ड द्वारा किये जाने चाहिए उस हेतु वे सक्षम विभाग अथव प्रशासन से कह सकते है।

जनसनुवाई से पहले, दौरान एवं जनसुनवाई के पश्चात उक्त खनन परियोजना से संबंधित कोई भी सुझाव/ अभ्यावेदन/प्रार्थना पत्र लिखित में प्राप्त नहीं हुए है।

अन्त में क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा जनसुनवाई के दौरान ग्रामवासियों/व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद के साथ श्रीमान श्री अनिल कुमार उपखण्ड अधिकारी लाडनूं, नागौर की अनुमति से पर्यावरणीय जनसुनवाई की समाप्ति की घोषणा के साथ जन–सुनवाई की कार्यवाही सम्पन्न की गई।

श्री अनिल कुमार
उपखण्ड अधिकारी
लाडनूं, जिला नागौर (राज.)
(राज.)

श्रीमती सविता
क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल नागौर,

# उपस्थिति पत्रक

मैसर्स किसान कन्सट्रक्शन कम्पनी, गांव–दुजार, तहसील–लाडनूं, जिला–नागौर के "मेसनरी स्टोन माइनिंग प्रोजेक्ट, रेफरेंस नं. – 20211000048069, कुल अनुमानित उत्पादन क्षमता 100400 टन प्रतिवर्ष (रोम), क्षेत्रफल – 1.9738 हैक्टेयर एवं क्लस्टर उत्पादन क्षमता 709172 टन प्रतिवर्ष (रोम), क्लस्टर क्षेत्र 9.9738 हेक्टेयर की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई ।

स्थान :– भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केन्द्र (आई.टी. सेन्टर) गाँव– दुजार, तहसील–लाडनूं, जिला–नागौर

जिला :– नागौर।

दिनांक :– 03.03.2023

समय :– प्रातः 11:00 बजे से

| क्र.स. | नाम व पता | मोबाईल नम्बर | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | Anil Kumar SDM Ladnun | 9460760009 | [signature] |
| 2. | Savita, RO, RSPCB, Nagaur | 9983411222 | Savita |
| 3. | Tejraj Gaur, AEO, RSPCB. | 9549020647 | Gaur |
| 4. | Shivdayal Godarey | 9549956601 | शिवदयाल |
| 5. | शिवाराम (Project Proponent) M/s Kishan Construction Co. | 9414085568 | [signature] |
| 6. | Umesh Sharma (ENV. Advisor) Vibrant Technolab PVT. LTD | 8005777098 | [signature] |
| 7. | Ravi Kumar Vibrant Techno Lab Pvt. Ltd | 8005729139 | Ravi Kumar |
| 8. | मोहनराम यादव दुजार | 8829997815 | मोहनराम यादव |
| 9. | [illegible] | 9571253589 | [signature] |
| 10. | दुर्गा सिंह जोधा | 9929905467 | [signature] |
| 11. | मोहन लाल | 9982496784 | [signature] |
| 12. | [illegible] | 9166567273 | [signature] |
| 13. | भंवर लाल जाट | 9828948192 | [signature] |
| 14. | [illegible] | 9460652442 | [signature] |

# उपस्थिति पत्रक

मैसर्स किसान कन्सट्रक्शन कम्पनी, गांव–दुजार, तहसील–लाडनूं, जिला–नागौर के "मेसनरी स्टोन माइनिंग प्रोजेक्ट, रेफरेंस नं. – 20211000048069, कुल अनुमानित उत्पादन क्षमता 100400 टन प्रतिवर्ष (रोम), क्षेत्रफल – 1.9738 हैक्टेयर एवं क्लस्टर उत्पादन क्षमता 709172 टन प्रतिवर्ष (रोम), क्लस्टर क्षेत्र 9.9738 हेक्टेयर की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई ।

स्थान :– भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केन्द्र (आई.टी. सेन्टर) गाँव– दुजार, तहसील–लाडनूं, जिला–नागौर

जिला :– नागौर।

दिनांक :– 03.03.2023

समय :– प्रातः 11:00 बजे से

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15. | कृष्णाराम | 9928249913 | कृष्णाराम |
| 16. | मुरारी सिंह | 9828251287 | मुरारीसिंह |
| 17. | बालचन्द | 7597440364 | बालचन्द |
| 18. | डालाराम बाइड़ | 8875530510 | डालाराम बाइड़ |
| 19. | दिलीप सिंह | 9904804114 | दिलीपसिंह |
| 20. | सुरेश | 6378460112 | सुरेश |
| 21. | गोपाराम | 9587562935 | गोपाराम |
| 22. | दुलाराम | 9783273934 | दुलाराम |
| 23. | जगदीश | 8290353172 | जगदीश |
| 24. | डालूराम | 9413117597 | डालूराम |
| 25. | नरेन्द्रसिंह | 8432248540 | नरेन्द्रसिंह |
| 26. | रामनिवास | | लालचन्द |
| 27. | सुरेन्द्र कुमार | 9521493081 | [signature] |
| 28. | जय चन्द | 9413385568 | [signature] |
| 29. | ओमप्रकाश | | ओमप्रकाश |

# उपस्थिति पत्रक

मैसर्स किसान कन्सट्रक्शन कम्पनी, गांव–दुजार, तहसील–लाडनूं, जिला–नागौर के "मेसनरी स्टोन माइनिंग प्रोजेक्ट, रेफरेंस नं. – 20211000048069, कुल अनुमानित उत्पादन क्षमता 100400 टन प्रतिवर्ष (रोम), क्षेत्रफल – 1.9738 हैक्टेयर एवं क्लस्टर उत्पादन क्षमता 709172 टन प्रतिवर्ष (रोम), क्लस्टर क्षेत्र 9.9738 हेक्टेयर की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई ।

स्थान :– भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केन्द्र (आई.टी. सेन्टर) गाँव– दुजार, तहसील–लाडनूं, जिला–नागौर

जिला :– नागौर।

दिनांक :– 03.03.2023

समय :– प्रातः 11:00 बजे से

| | | | |
|---|---|---|---|
| 30. | सुखनाराय | 9982170259 | सुखनाराय |
| 31. | अर्जुन राम | 9672507690 | Arjun |
| 32. | संग्रामराम | 9828059775 | सग्रामराम |
| 33. | निर्मला | 9784995042 | निर्मला |
| 34. | Vijay Kuri | 9828860607 | [signature] |
| 35. | Shivdan Godara | 7734995193 | [signature] |
| 36. | सीमा यादव सरपंच | 8003626079 | सीमायादव |
| 37. | मूली देवाड पटवारी | 8619895430 | [signature] |
| 38. | रामचन्द्र प्रजापत ग्राम विकास अधिकारी | 9828603451 | [signature] |
| 39. | | | |
| 40. | | | |
| 41. | | | |
| 42. | | | |
| 43. | | | |
| 44. | | | |

# प्रतिभाओं का बढ़ाया हौसला

## सरकारी स्कूलों का वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह

न्यूज सर्विस/नवज्योति, मेड़तासिटी

जिले के विभिन्न राजकीय स्कूलों में इन दिनों वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह की धूम मची हुई। इस दौरान श्रेष्ठ परिणाम देने वाले विद्यार्थियों और स्कूल विकास में सहयोग करने वाले भामाशाहों का सम्मान किया गया। वहीं विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने वाले प्रतिभागियों का भी सम्मान किया गया। इसी क्रम में समीपवर्ती ग्राम धौलेराव कला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रविवार को वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन विधायक इंदिरादेवी बावरी के मुख्य आतिथ्य एवं संस्था प्रधान बी महेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में मन मोहक प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक इंदिरादेवी बावरी ने विद्यालय विकास के लिए अपने विधायक कोष सात लाख की राशि देने की घोषणा करते हुए कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हम सभी मिलकर प्रयास करते हुए बालिका शिक्षा पर बल दें। प्रधानाचार्य बी महेन्द्र चौधरी ने प्रतिवेदन पेश करते हुए आभार ज्ञापित किया। वहीं विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों का अभिनंदन किया।



मेड़तासिटी



डेगाना

मूंडवा। निकटवर्ती दियावड़ी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव खींवसर विधायक नारायण बेनीवाल के मुख्य आतिथ्य, प्रधानाचार्य दिनेश कुमार कुलहरी की अध्यक्षता व मूंडवा प्रधान प्रतिनिधि रेवतराम डांगा, मूंडवा तहसीलदार मनीराम खिचड़, सीबीईओ मानाराम पचार, एबीईओ नरसिंह इनाणिया के विशिष्ट आतिथ्य में मनाया गया। इस मौके पर खींवसर विधायक बेनीवाल ने विद्यालय विकास में विधायक फंड से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। सीबीईओ पचार ने राजस्थानी कविता सुनाकर ग्रामीणों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर पूर्व सरपंच तेजाराम गुलिया ने विद्यालय के मुख्य द्वार पर भव्य गेट बनाने और जगदीश ग्वाला ने 51 हजार रुपए की लागत से कमरों की मरम्मत करवाने की घोषणा की, इसी तरह रामप्रसाद गुरलिया ने विद्यालय में इनवर्टर देने पूर्व सरपंच रामनारायण और मदन बाता, में भगवानसिंह वरिष्ठ अध्यापक ने 11-11 हजार रुपए नगद प्रदान किए। समाजसेवी रामचंद्र गुलिया ने इस मौके पर लगभग 500 मेहमानों और मेजबानों के लिए भोजन की व्यवस्था की। इस कार्यक्रम में गांव के भामाशाहों और अभिभावकों ने 1.60 लाख रुपए नगद प्रदान किए। इसी प्रकार मेहमानों की उपस्थिति में स्कूल के जिले में प्रथम और राज्यस्तरीय में तीसरे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को मोमेंटो और प्रशंसा पत देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के महेंद्र जांगिड़, लुबाराम, रामचंद्र, कमलेश कुमारी, धूकल राम, राम नरेश शारीरिक शिक्षक, प्रेमसुख और पप्पू लाल सहित गांव के सरपंच प्रतिनिधि बलदेव राम मेघवाल, पूर्व सरपंच शिवदानराम, तेजाराम, रामनारायण, गोविंदराम पटवारी आदि मौजूद रहे।



मूण्डवा

ईडवा। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चांदनी का वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सरपंच प्रतिनिधि सुरेश ढाका के मुख्य आतिथि व प्रधानाचार्य मनीष माथुर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं श्रेष्ठ प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इसी तरह विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी जो राजकीय सेवाएं दे रहे हैं, उनका सम्मान किया गया। इस दौरान नवरत्न सिंह, धमाराम बेरा, ओमप्रकाश गुर्जर, नरेंद्रसिंह चांदनी, शिक्षाविद अर्जुनसिंह डोटोलाईछ तेजाराम सेन, जोगेंद्र सिंह, सुखदेव सेपदा, लादूराम मौजूद रहे।

गोटन। पूर्व पंचायत समिति सदस्य एवं एडवोकेट नरेश करवासड़ा ने शहीद बीआके उच्च माध्यमिक विद्यालय करवासड़ों की ढाणी में आयोजित वार्षिकोत्सव में इस बार बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाने पर छात्र छात्राओं को चांदी का सिक्का देकर सम्मानित करने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए ऐसे प्रोत्साहन देना जरूरी है ताकि विद्यार्थी लक्ष्य लेकर चले और सफलता प्राप्त करे। उनके इस घोषणा की शिक्षकों ने सराहना की है।

### वार्षिकोत्सव आज

नावां। वार्ड 2 स्थित राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय नंबर 12 में सोमवार को वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार थाना परिसर से आगे नमक मजदूर कॉलोनी में स्थित विद्यालय में प्रातः सवा 11 बजे से समारोह का आयोजन होगा, जिसमें सरस्वती वंदना, अतिथि स्वागत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भामाशाह सम्मान व विद्यालय विकास योजना पर चर्चा की जाएगी।

17वीं फ्यूचर क्रिकेट कप क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

# मकराना ने जिलिया को हराकर जीती ट्रॉफी

जिलिया। गढ़ी स्टेडियम में चल रहे फ्यूचर क्रिकेट कप 2023 का फाइनल मुकाबला रविवार को खेला गया जिसमें मकराना टीम ने जिलिया को हराकर ट्रॉफी जीत ली।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि राजूसिंह राठौड़ ने क्रिकेट प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि हार-जीत खेल में मायने नही रखता है, खेल में अनुशासन व अपनत्व की भावना सबसे अच्छी बात है। फाइनल मैच सैनीकॉम्प्लेक्स जिलिया व मकराना की टीम के बीच खेला गया। जिसमें म... टीम की घातक गेंदबाज अनिल मीणा व अशोक अमरावतीय की गेंदबाजी के चलते हुए सैनी क्रिकेट क्लब जिलिया की शुरुआत काफी खराब रही। जिसके बदौलत सैनी क्रिकेट क्लब क्रिकेट पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 83 रनों पर ऑलआउट हो गई। महावीर जैन के नेतृत्व में मकराना की टीम स्कोर का पीछा करने उतरी टीम 4 विकट खोकर 10 वें ओवर में जीत हासिल कर ली। इस दौरान विजेता और उपविजेता टीमों को नगद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में अंपायर की भूमिका देवेंद्रसिंह राठौड़ व रणजीत सिंह सोलंकी व कमिंटेटर राज दाधीच व नंदकिशोर रणवां ने निभाई। इस अवसर राजूसिंह राठौड़, राहुल जैन, शिवभगवान शर्मा, अशोक शर्मा, पुसाराम माली, सिद्धार्थ शर्मा, सुमित जांगिड़, मूलचंद बावरी, प्रवीण दाधीच, मांगीलाल शर्मा, मुकेश रणवां, बुधाराम घोटिया, कैलाश सैनी आदि मौजूद थे।



जिलिया। गढ़ी स्टेडियम में विजेता टीम को सम्मानित करते अतिथि।



### मेडल विजेता बालिकाओं का स्वागत

पादूकलां। राज्य स्तरीय छात्रा क्रीड़ा प्रतियोगिता ओडवाड़ा जालोर में माण्डल देवा ने परचम फहराया। दल प्रभारी भंवर सिंह ईड़वा ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य स्तरीय छात्रा क्रीड़ा प्रतियोगिता ओडवाड़ा जालोर में आयोजित की गई। जिसमें अजमेर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय माण्डल देवा की छात्रा धौलकी देवी, मोनिका टाडी, मोनिका कंवर राठौड़, यशीका कंवर चौहान एवं शालू कंवर ने बैडमिंटन में सिल्वर मैडल, तथा गोला फेंक में सिल्वर मेडल, और तस्तरी फेंक में सिल्वर मेडल, एवं संस्कृत वाद-विवाद प्रतियोगिता में शालू कंवर ने गोल्ड मेडल जीता है। हिन्दी अन्त्याक्षरी में यशीका कंवर चौहान एवं मोनिका कंवर राठौड़ ने सिल्वर मेडल जीतकर मौगास संकुल, माण्डल देवा गांव तथा नागौर जिले का नाम रोशन किया।

## शहीद बजरंगसिंह डे-नाइट वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू

न्यूज सर्विस/नवज्योति, कुचामनसिटी

ग्राम कुकनवाली में रविवार को शहीद बजरंग सिंह डे नाइट वॉलीबाल प्रतियोगिता का समारोह पूर्वक शुभारम्भ हुआ। गांव के अंकित शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारम्भ कुकनवाली सरपंच धन्नाराम फौजी, नगवाड़ा सरपंच मनोज लोरा, युवा समाजसेवी विवेक कालेर, प्रेमपुरा के पूर्व सरपंच अमरसिंह राठौड़, पूर्व सरपंच महावीर मेघवाल के आतिथ्य में हुआ। अतिथियों ने मैच का विधिवत शुभारम्भ कराया तथा खिलाड़ियों का परिचय लिया। इस अवसर पर सरपंच धन्नाराम फौजी ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जीवन में आवश्यक है। आज ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं सुविधाएं नहीं मिल पाने के बावजूद खेलकूद के क्षेत्र में देश-विदेश में नाम रोशन कर रही है। नगवाड़ा सरपंच मनोज लोरा ने कहा कि ओलम्पिक में देश को अनेक पदक दिलाने वाले अधिकांश खिलाड़ी अंचल क्षेत्रों से ही है। ऐसी प्रतियोगिताओं से ग्रामीण प्रतिभाओं का हौसला बढ़ता है। प्रतियोगिता संयोजक ने समागत अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं साफा बंधन कर स्वागत किया।



### सार-समाचार

### एसबीएन डायरेक्टर शर्मा टॉप 20 बेस्ट एजुकेटर अवार्ड से सम्मानित

नावांसिटी। प्रदेश की राजधानी जयपुर के होटल रॉयल ऑर्किड में शनिवार को आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से ई यू मीडिया द्वारा स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले स्कूल्स डायरेक्टर्स को पुरस्कृत किया गया, जिसमे नॉर्थ इंडिया के एलीट स्कूल्स के प्रिंसिपल, डायरेक्टर्स शामिल हुए। इसमें उपखंड मुख्यालय पर संचालित शारदा बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय के निदेशक हरिओम प्रसाद शर्मा को शिक्षण में नवाचार के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा परिवार के प्रदेशाध्यक्ष अनिल शर्मा, ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर सुनील शर्मा दिलीप मोदी, रमाकांत पाठक, सीमा भारद्वाज, पंकज गर्ग, सुरेश चौधरी सहित अन्य राज्य व राष्ट्र स्तरीय शिक्षाविदों की उपस्थिति में शिक्षा क्षेत्र में किए गए नवाचार एवं प्रयासों के लिए राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, असम से आये हुए टॉप-20 स्कूल डायरेक्टर्स सम्मानित हुए।



### औझा को मिली पीएचडी की उपाधि

डीडवाना। भाजपा जिला मंत्री मनीष कुमार औझा को उनके सामाजिक कार्यों में योगदान के लिए सोशल अवर्नेस एंड पीस यूनिवर्सिटी, फ्लोरीडा (यूएसए) द्वारा पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान की गई। मथुरा में रेनबो चैरिटेबल यूनिवर्सल ट्रस्ट की द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विश्व हिन्दु परिषद के गौरक्षा विभाग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ जयप्रकाश गर्ग व उत्तरप्रदेश वाणिज्यिक बोर्ड के अध्यक्ष रविकान्त गर्ग व यूनिवर्सिटी के भारतीय समन्वयक डॉ अंकुर शर्मा द्वारा ओझा को पीएचडी उपाधि का प्रमाण-पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।



### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



मूंडवा। वीर तेजा एजुकेशन ग्रुप कंकड़ाव द्वारा संचालित महादेव पब्लिक स्कूल के कक्षा 11वीं व 12वीं कला वर्ग के भूगोल के क्षेत्रीय सर्वेक्षण भ्रमण दल को संस्था निदेशक कैलाश कंकड़ावा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भूगोल व्याख्याता महिपाल जलवानियां ने बताया कि विद्यार्थियों के दल ने सच्चियाय माता ओसियां, ओसियां धोरे, राम धाम खेड़ापा का भ्रमण किया। इस दौरान संस्था के रामचन्द्र गिवाड़, महेंद्र धौल्या, रामलाल कंकड़ावा, कुम्भाराम गुलिया आदि मौजूद रहे।

### हिंदू जागरण मंच नागौर इकाई का गठन



नागौर। जिला मुख्यालय पर शनिवार शाम हिंदू जागरण मंच बैठक हुई। बैठक में हिंदू जागरण मंच के राजस्थान क्षेत्र संगठक मुरली मनोहर का पाथेय प्राप्त हुआ। मंच के जोधपुर प्रांत सह संयोजक शेरसिंह मेवाड़ा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। क्षेत्र संगठक मुरली मनोहर ने कहा कि आरएसएस के द्वितीय सर संघचालक गुरु गोलवलकर ने बौद्धिक प्रदान करते हुए कहा था कि भारतवर्ष की दुर्बलता ही विश्व अशांति का कारण है। जब तक भारत शक्तिशाली रहेगा तो विश्व में शांति रहेगी। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को शक्तिशाली बनाने से ही भारत को शक्तिशाली बनाया जा सकता है। देश के लिए आवश्यक है कि हिंदू समाज शक्तिशाली रहे। इस दौरान हिंदू जागरण मंच नागौर इकाई का गठन किया गया। मंच के नागौर विभाग संयोजक भूराराम चौधरी द्वारा इकाई की घोषणा की गई, जिसमें महेंद्र कच्छावा, हुकमाराम गोदारा, कालूराम ईनाणियां, प्रभुराम भांभु, अशोक कछावा, हरिराम सांचौरा, मूलशंकर छाबरवाल, दीपक शर्मा, पुनाराम गोदारा व रामराज को शामिल किया गया।

# विद्यालय विकास और शिक्षा में नवाचार को लेकर मंथन

### शिक्षक-अभिभावक बैठक संपन्न

न्यूज सर्विस/नवज्योति, मकराना

राज्य सरकार के आदेशानुसार मकराना तहसील के शहीद शिवजीराम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चाण्डी में शिक्षक-अभिभावक बैठक संपन्न हुई। बैठक में स्कूल विकास एवं शिक्षा में नवाचार को लेकर विचार विमर्श किया गया।

विद्यालय सहायक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चिंडालिया ने बताया कि प्रधानाचार्य संतोष कुमार मलिंडा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अभिभावकों को बुलाकर छात्र-छात्राओं के शिक्षा संबंधी चर्चा की गई। प्रधानाचार्य ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को निःशुल्क गणवेश, निशुल्क प्रवेश एवं कक्षा 9 में अध्ययनरत छात्राओं को साईकिल वितरित की जाती है। ग्रामीणों को अधिकाधिक अपने बालक बालिकाओं का सरकारी विद्यालय में प्रवेश करवाना चाहिए। जिससे सरकार द्वारा दी जा रहे सुविधाओं का फायदा मिल सके। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान करते हुए कहा कि बालकों को घर पर पढ़ने के लिए भी प्रोत्साहित करे ताकि उनमें शिक्षा के प्रति और अधिक लगाव हो। साथ ही शिक्षण कार्य से संबंधित अभिभावकों ने भी सुझाव दिए। इस दौरान शिक्षक चेनाराम, गोपाल सिंह, राम रतन बिजारणिया, शेर मोहम्मद, फतेह सिंह, दशरथ सिंह, नंदाराम, प्रेमाराम, पारस परिहार, भरतसिंह रांवा, पहलाद राम लूनिया, मुन्ना राम, जगदीश प्रसाद और ग्रामीण उपस्थित थे।



मकराना। बैठक में चर्चा करते शिक्षक एवं अभिभावक। -रहीम भाटी।

### डॉ. चारण को मिलेगा काग बापू लोक साहित्य अवार्ड

डीडवाना। भारतीय लोक साहित्य परम्परा के प्रबल संवाहक स्मृतिशेष कवि काग बापू की स्मृति में दिया जाने वाला राष्ट्रीय स्तर का 'काग बापू लोक साहित्य अवार्ड 2023' डिंगल, पिंगल, राजस्थानी एवं हिंदी के साहित्यकार डीडवाना निवासी डॉ. गजादान चारण को प्रदान किया जाएगा। उन्हें ये अवार्ड 3 फरवरी को कागधाम, गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय लोकसाहित्य उत्सव में प्रसिद्ध संत मोरारी बापू के कर कमलों से प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार स्वरूप डॉ. चारण को श्रीफल, शॉल, सम्मान-पत्र एवं 51 हजार रूपये की नकद राशि प्रदान की जाएगी। मालूम हो कि डॉ. चारण राजस्थान कॉलेज शिक्षा में हिंदी के एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष हैं, जो वर्तमान में ज्ञानीराम हरकचंद सरावगी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुजानगढ़ में कार्यरत हैं।



### स्थानान्तरण पर पीईईओ जाखड़ का दी विदाई

नागौर। निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खारी कर्मसोता के पीईईओ भंवरलाल जाखड़ के स्थानान्तरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस वसर पर उनके द्वारा विद्यालय विकास को लेकर लिए गए सकारात्मक फैसलों के कारण ग्रामीणों ने उनका सम्मान किया। इस मौके पर पूर्व उप सरपंच गुमानाराम लोयल, हरीराम बलायरा, प्रिया बिश्नोई, नरेन्द्र बिश्नोई, सुनीता लोळ्व, मानवेन्द्र सिंह व पीईईओ परिक्षेत्र के समस्त संस्थाप्रधान उपस्थित रहे।



### कबीर कोहिनूर अवार्ड के लिए रोहिणा का चयन

डेगाना। देश भर से विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली 200 प्रमुख हस्तियों को 5 फरवरी को नई दिल्ली में बड़ी खाटू में स्थित सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान के कबीर कोहिनूर अवार्ड 2023 का आयोजन किया जाएगा। इसमें सामाजिक क्षेत्र में अग्रणीय संस्था मदद फाउंडेशन के डेगाना निवासी श्रवणसिंह रोहिणा का चयन कबीर कोहिनूर अवार्ड के लिए किया गया है। इस पर संस्था के एडमिन पैनल राजेंद्र सिंह, दिलीप सिंह, शिंभु सिंह, दीपक सिंह, हरिसिंह राजोद, साधना सेठी, बृजेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह जोधा, महेंद्र सिंह, शेर सिंह, आनंद सिंह, सरजीत सिंह, देवेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, चेतन सिंह, गंगा प्रताप सिंह, वीरेंद्र सिंह, अजय सिंह चौसला, विक्रम सिंह आदि ने हर्ष जताया।



# कस्तूरबा गांधी विद्यालय में किशोरी मेले का आयोजन

न्यूज सर्विस/नवज्योति, मूंडवा

निकटवर्ती गांव रूण वीरों और भामाशाहों की नगरी है, यहां पर भोमियासा महाराज और बाबा बदरूद्दीन शाह जैसे वीर पैदा हुए हैं। यह गांव भाईचारे का प्रतीक है। यह बात खींवसर विधायक नारायण बेनीवाल ने शनिवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में किशोरी बाल मेले के शुभारंभ पर कही। उन्होंने कहा कि आज का दौर में महिलाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आना होगा। इस अवसर पर विधायक बेनीवाल ने स्कूल के लिए सीसीटीवी कैमरे, डिजिटल स्मार्ट रूम, छात्राओं के लिए 110 टेबल स्टूल, आरओ एवं वाटर कूलर, इनवर्टर और गीजर सहित कई सुविधाओं की अपने फंड से घोषणा की। इसी प्रकार विद्यालय परिसर... खडों को समतल करने और डामरीकरण सड़क करने की भी घोषणा की। इससे पहले इन्होंने तहसीलदार मनीराम खिचड़, सीबीईओ मानाराम, रूण सरपंच इंदिरा देवी गोलिया, आरपी नरसीसिंह राम इनानिया और रूण प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा के साथ मिलकर संयुक्त रूप से फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया कार्यक्रम में 450 विद्यार्थियों ने भागलिया। मंच संचालन सुमन कुमार पारीक ने किया। इस मौके पर सरपंच इंदिरा देवी गोलिया, रामेश्वर गोलिया, प्रधानाध्यापिका सुनीता चौधरी, श्यामसुंदर गोलिया, भंवराराम देपन, व्याख्याता रामजीवन गोलिया, वार्डन प्रीति कुलश्रेष्ठ उपस्थित थे।



मूण्डवा। मेले के शुभारंभ पर खींवसर विधायक बेनीवाल को प्रतीक चिह्न भेंट करते सीबीईओ। -फरजाना देवड़ा



### जरूरतमंद विद्यार्थियों को बांटे स्वेटर

डेगाना। भारत विकास परिषद शाखा डेगाना द्वारा अध्यक्ष डॉ. आरके चौधरी के नेतृत्व में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डेगाना गांव में जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर परिषद के पूर्व अध्यक्ष रमेश तापड़िया, कोषाध्यक्ष किशन जांगू, श्रवणकुमार आचार्य, रविंद्र, सीताराम मीणा, छोटू लाल ट्रेलर, मीडिया प्रभारी माणक तोषनीवाल... सिंह जालसू मौजूद रहे। इससे पूर्व डेगाना गांव के सरपंच प्रतिनिधि ...लाल मुवाल ने अध्यक्ष डॉ. चौधरी का स्वागत किया। इस दौरान प्रधानाचार्य मनसुखराम चौधरी, ओमाराम खोजा शारीरिक शिक्षक, गजेंद्र टाक, गोविंदलाल, लालाराम, हनुमानराम मुवाल, सुरेश डूडी, मुन्नी देवी, परशुराम, राजूराम, कैलाश, पुनाराम गोदारा, भंवरलाल जांगिड़, ताराचंद पारीक आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन शारीरिक शिक्षक ओमाराम खोजा ने किया।

# भोजन झूठा नहीं छोड़ने का संकल्प

नागौर। डेह स्थित बालाजी धाम पर 'साफ थाली अभियान' के संकल्प पत्र का विमोचन किया गया। दुर्गा वाहिनी व डेह क्षेत्र के छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर विमोचन करके थाली में भोजन झूठा नहीं छोड़ने का संकल्प लिया गया। विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष प्रतापसिंह राजपुरोहित ने बताया कि धार्मिक व सामाजिक उत्सव में भोजन परोसने की व्यवस्था में महिला व छात्रों की भागीदारी हो तो भोजन व्यर्थ नाली में जाने से बचाया जा सकता है। ऐसे आयोजनों में आधा भोजन झूठा छोड़ने पर नाली में बह जाता है। समाज सेवी भोजराज सारस्वत ने छात्र छात्राओं को भोजन परोसने व सेवा संबंधी जानकारी दी। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष रामेश्वर सारस्वत, बजरंग दल के प्रखंड संयोजक धन्नाराम छाबा, प्रिंसिपल रामेश्वर छगाणी, व्याख्याता लक्ष्मण सिंह, पुखराज खाती उपस्थित रहे। मालूम हो कि डेह के सुप्रसिद्ध बालाजी धाम में आयोजित समारोह में डेह गांव सहित जायल तहसील के अनेक गांवों के लोग तथा नागौर शहर एवं दूरदराज से यात्रियों का चार दिन तांता लगा रहेगा।



## धोखाधड़ी के मामले में आरोपी अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

नागौर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश इसरार खोखर ने एक धोखाधड़ी के मामले में सुनवाई करते हुए मूंडवा के बसंत सेन पुत्र भंवरलाल सैन की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज करने के आदेश जारी किए। जानकारी के अनुसार बसंत सैन पर आरोप है कि उसने धोखाधड़ी करते हुए नागौर के विजय ओझा को धोखे में लेते हुए फाइनेंस की हुई ऑडी कार बेच कर 7 लाख रुपए हड़प लिए और फरार हो गया। इसके अलावा विजय ओझा से हॉस्पिटल निर्माण के लिए 15 लाख कुछ दिन के लिए हाथ उधार भी लिए थे।

विजय ओझा से धोखाधड़ी के बाद जब उन्हें पता लगा तो आरोपी और उसके भाई देवेंद्र सैन और उसके ससुर शरद भारती निवासी कोलिया के खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। बताया गया कि आरोपी पर वर्तमान पर नागौर कोतवाली में कई मुकदमे दर्ज है। पीड़ित के अधिवक्ता मधुर सिखवाल ने बताया के न्यायालय ने आरोपी बसंत सैन की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। आरोपी पर विजय ओझा और अन्य पर चेक अनादरण के कई मुकदमे भी दर्ज हैं।

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल
प्रथम चरण, सहकारी भूमि विकास बैंक, कॉलेज रोड, पुलिसलाइन के सामने
rorpcb.nagaur@gmail.com
क्रमांक - राप्रनिम/आरओ-नागौर/पी.यू.बी-146/2006 दिनांक : 18.01.2023
पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना
1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि "मैसोनरी स्टोन माइनिंग क्लस्टर प्रोजेक्ट (Ref. no. 2021100004606?, एम.एल. नं.- 07/12, 11/10, 34/14, 05/18, 09/13, 03/18, 02/18), कुल क्लस्टर क्षेत्र 9.9798 हैक्टेयर, कुल अनुमानित क्लस्टर उत्पादन क्षमता 709172 TPA (ROM)", आवेदक मैसर्स किसान कन्स्ट्रक्शन कम्पनी, क्षेत्र - 1.9738 हैक्टेयर, खसरा नं. 624/155, 686/155, अनुमानित खनन उत्पादन क्षमता नं. - 100400 TPA (ROM) (सेलेबल मिनरल -70280 TPA & वेस्ट मिनरल- 30120TPA), गांव दुजार, तहसील- लाडनूं, जिला- नागौर से सम्बंधित ... पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।
2. और चूंकि मैसर्स किसान कन्स्ट्रक्शन कम्पनी, ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मंडल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 और एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के प्रावधानों के अनुसरण में जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।
3. उक्त समूह खनन परियोजना से संबंधित समूह EIA/EMP Report एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध है :-
DNA-272416

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल
प्रथम चरण, सहकारी भूमि विकास बैंक, कॉलेज रोड, पुलिसलाइन के सामने
क्रमांक - राप्रनिम/आरओ-नागौर/पी.यू.बी-147/2012 दिनांक : 18.01.2023
पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना
DNA-272418

गुमानाराम लोयल, हरीराम बलायरा, प्रिया बिश्नोई, नरेन्द्र बिश्नोई, सुनीता लोछब, मानवेन्दर सिंह व पीईईओ परिक्षेत्र के समस्त संस्थाप्रधान उपस्थित रहे।

क्षेत्रीय कार्यालय

## राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल

प्रथम चरण, सहकारी भूमि विकास बैंक, कॉलेज रोड, पुलिसलाइन के सामने,

नागौर- 341001 (राज.) ई-मेल : rorpcb.nagaur@gmail.com

क्रमांक :-राप्रनिम/आरओ-नागौर/पी.यू.बी-146/2006 दिनांक : 18.01.2023

### पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ''मैसोनरी स्टोन माइनिंग क्लस्टर प्रोजेक्ट (Ref. no. 2021100046069, एम.एल.न.- 07/12, 11/10, 34/14, 05/18, 09/13, 03/18, 02/18), कुल क्लस्टर क्षेत्र 9.9798 हैक्टेयर, कुल अनुमानित क्लस्टर उत्पादन क्षमता 709172 TPA (ROM)'', आवेदक मैसर्स किसान कन्सट्रक्शन कम्पनी, क्षेत्र - 1.9738 हैक्टेयर, खसरा न. 624/155, 686/155, अनुमानित खनन उत्पादन क्षमता नं. - 100400 TPA (ROM)(सेलेबल मिनरल -70280 TPA & वेस्ट मिनरल- 30120TPA), गांव दुजार, तहसील- लाडनूं जिला-नागौर से सम्बंधित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।
2. और चूंकि मैसर्स **किसान कन्सट्रक्शन कम्पनी**, ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मंडल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन, पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 और एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के प्रावधानों के अनुसरण में जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।
3. उक्त समूह खनन परियोजना से संबंधित समूह EIA/EMP Report एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध है :-

1. जिला कलक्टर, नागौर,
2. सीईओ जिला परिषद, नागौर,
3. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय, 4. संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर,
4. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर,
5. क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, जयपुर,
6. उपखण्ड अधिकारी लाडनूं,
7. क्षेत्रीय प्रबंधक, रिको, नागौर,
8. जिला उद्योग केन्द्र, नागौर,
9. ग्राम पंचायत दुजार,
10. भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र (आई.टी. सेन्टर) गांव दुजार, तहसील-लाडनूं, जिला- नागौर।

अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, नागौर के पत्र क्रमांक : न्याय/ प्रदूषण/ज.सु.2022/328 दिनांक 16.01.2023 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु दिनांक 03.03.2023 (शुक्रवार) को प्रातः 11.00 बजे, स्थान-भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र (आई.टी. सेन्टर) गांव- दुजार, तहसील- लाडनूं, जिला-नागौर में उपस्थित होकर अपने लिखित / मौखिक आक्षेप / सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

इस संबंध में लिखित आक्षेप / सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, नागौर, जिला-नागौर को भी दिए जा सकते हैं। यह आम सूचना वैश्विक महामारी कोविड-19 से सम्बंधित केन्द्रीय/ राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशों के अनुरूप एवं अधीन रहेगी तथा सभी प्रावधानों/ सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी। भवदीय : सविता, क्षेत्रीय अधिकारी

DNA-272416

क्षेत्रीय कार्यालय

# पत्रिका MeNext कॅरियर की उड़ान

प्रेरक कथन...



**...गंभीर नहीं बनाएं**

**हम** लोग इंसान हैं, कोई कंप्यूटर नहीं। जीवन का मजा लीजिए, इसे गंभीर मत बनाएं।

**रतन टाटा**, उद्योगपति

भारतीय जीवन बीमा निगम

## एडीओ के 9394 पदों पर नौकरी के अवसर

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआइसी) ने उत्तर अंचल, उत्तर मध्य अंचल, पश्चिमी अंचल सहित विभिन्न अंचल कार्यालयों के अधीन आने वाले विभिन्न मंडल कार्यालयों के लिए प्रशिक्षु विकास अधिकारी (एडीओ) पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस भर्ती के जरिए कुल 9394 पदों को भरा जाएगा। 1 जनवरी, 2023 तक किसी भी स्ट्रीम में स्नातक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इन पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन ऑनलाइन परीक्षा, इंटरव्यू और चिकित्सा परीक्षण के आधार पर किया जाएगा।



**आयु सीमा**

1 जनवरी, 2023 तक अभ्यर्थियों की आयु 21 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। एससी, एसटी, ओबीसी, विभागीय कर्मचारी और पूर्व सैनिकों को नियमानुसार आयु सीमा में छूट मिलेगी।

**10 फरवरी अंतिम तिथि**

**अभ्यर्थी** वेबसाइट licindia.in/Bottom-Links/careers पर लॉगिन कर 10 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क के रूप में सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को 750, जबकि एससी/एसटी अभ्यर्थियों को 100 रुपए भरने होंगे। ट्रैंजेक्शन शुल्क अतिरिक्त देना होगा।

छावनी परिषद नसीराबाद

## एलडीसी सहित अन्य पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

रक्षा मंत्रालय के अधीन छावनी परिषद, नसीराबाद ने एलडीसी, बेलदार, सफाईवाला सहित कुल 42 पदों के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। 1 दिसंबर, 2022 तक अभ्यर्थियों की आयु 21 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। एससी, एसटी, ओबीसी (एनसीएल), पूर्व सैनिक और विभागीय कर्मचारियों को केंद्र सरकार के नियमानुसार आयु सीमा में छूट मिलेगी। 5वीं पास से लेकर 12वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट nasirabad.cantt.gov.in से आवेदन फॉर्म को डाउनलोड कर,



उसे भरकर, सभी जरूरी दस्तावेज के साथ नोटिफिकेशन जारी होने के 30 दिन के अंदर इस पते पर भेज दें : Chief Executive Officer, Cantonment Board, Nasirabad, Dist. Ajmer-305601. नोटिफिकेशन 21-27 जनवरी के रोजगार समाचार पत्र में जारी किया गया है।

मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान

## गैर-शिक्षण पदों के लिए नोटिफिकेशन जारी

मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआइटी), इलाहाबाद (प्रयागराज) ने नोटिफिकेशन जारी कर तकनीशियन, ऑफिस अटेंडेंट/लैब अटेंडेंट, वरिष्ठ तकनीशियन सहित गैर-शिक्षण के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस भर्ती के जरिए कुल 103 पदों को भरा जाएगा। इनमें से सामान्य, ईडब्ल्यूएस, ओबीसी, एसटी और एससी अभ्यर्थियों के लिए क्रमशः 45, 10, 27, 6 और 15 पद हैं। कुल पदों में से 5



पद दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित हैं। प्रोसेसिंग फीस के रूप में सामान्य, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी (एनसीएल) पुरुष अभ्यर्थियों को 500 रुपए भरने होंगे। एससी, एसटी, दिव्यांग और महिला अभ्यर्थियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

**15 फरवरी अंतिम तिथि**

**अभ्यर्थी** वेबसाइट mnnit.ac.in पर लॉगिन कर 15 फरवरी (शाम 5.30 बजे) तक आवेदन कर सकते हैं। इन पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन स्क्रीनिंग टेस्ट/ट्रेड टेस्ट/स्किल टेस्ट/लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए नोटिफिकेशन अवश्य पढ़ें।

एडमिशन अलर्ट

## जेएनयू: एमबीए कोर्स के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने एमबीए कोर्स में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। एडमिशन कैट 2022 स्कोर, समूह चर्चा (जीडी) और इंटरव्यू के आधार पर होगा।

**15 मार्च अंतिम तिथि**

**अभ्यर्थी** आधिकारिक वेबसाइट jnuee.jnu.ac.in पर लॉगिन कर 15 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन शुल्क के रूप में सामान्य, ईडब्ल्यूएस, ओबीसी अभ्यर्थियों को 2000, जबकि अन्य श्रेणी को 1000 रुपए भरने होंगे।

रीडर्स कनेक्ट ई-मेल से बताएं, इस कॉलम से जुड़े सवाल व अपनी राय

ई-मेल : sundayspecial.team@in.patrika.com

कॅरियर उड़ान लिखकर अपने सुझाव वाट्सऐप करें : 8955003879

---

रामलुभाया कमेटी गठन के बाद फिर से जिला बनाने की उम्मीद जगी

# अंग्रेजी शासन का लाट (कलक्टर) मुख्यालय था डीडवाना

पत्रिका स्पॉटलाइट

**सरस्वती नदी किनारे बसा था आभागणराज्य, शैव धर्मियों का क्षेत्र डीडवाना उपकाशी के नाम से भी रखता है पहचान, विक्रम संवत 252 में डीडूशाह माहेश्वरी ने की थी डीडवाना की पुनः स्थापना**


### राजस्थान के 23 जिलों के 59 शहरों को जिला मुख्यालय घोषित करने की है मांग

### डीडवाना में है कलक्टर व एसपी कार्यालय के अलावा लगभग सभी जिला स्तरीय कार्यालय संचालित

बजरंग पारीक
patrika.com

**डीडवाना.** राजस्थान सरकार ने सोलह साल के लम्बे अंतराल के बाद प्रदेश में नए जिले बनाने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके लिए आईएएस. रामलुभाया की अध्यक्षता में 22 मार्च 2022 को एक समिति का गठन किया। इसके बाद नागौर जिले के भी दो भाग कर नया जिला बनाने की उम्मीद जगी है।

जानकारी के अनुसार रामलुभाया कमेटी को कुल 59 आवेदन मिले हैं, जिनमें शहरों व कस्बों ने जिला बनाने की मांग की है। नागौर जिले से डीडवाना, कुचामन, मकराना, मेड़ता व सुजला को जिला मुख्यालय बनाने की मांग की गई है। राज्य सरकार जिला मुख्यालय बनाने से पूर्व उस स्थान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, प्रशासनिक, भौगोलिक, राजस्व व पंचायत राज आदि की स्थिति, यातायात, संसाधन, वाणिज्यक गतिविधियां, राजनीतिक व शैक्षणिक पृष्ठभूमि आदि का अध्ययन करवाती है। इस लिहाज से डीडवानावासियों ने भी डीडवाना को जिला बनाने की सशक्त दावेदारी जताई है।



डीडवाना. आभानगरी के नाम से पहचान रखने वाला डीडवाना शहर का विहंगम नजरा। ड्रोन फोटो सहयोग-शरद माथुर

### सभी जिला स्तरीय कार्यालय स्थापित

जानकारी के अनुसार 1994 में हनुमानगढ़ के साथ डीडवाना को जिला बनाने संबंधी लगभग सभी पूर्तियां कर रिपोर्ट तत्कालीन सरकार के समक्ष पेश की गई। वर्ष 1994 के बाद लगभग सभी जिला स्तरीय कार्यालय समय-समय पर डीडवाना में स्थापित किए गए. 20 जनवरी 2014 को राजस्थान सरकार ने नए जिलों का गठन करने के लिए एक हाईपावर कमेटी का गठन आईएएस परमेशचन्द्र की अध्यक्षता में किया। उक्त कमेटी ने डीडवाना को जिला मुख्यालय घोषित करने के लिए अपनी सिफारिश की थी। परमेशचन्द्र ने डीडवाना में लगभग सभी जिला स्तरीय कार्यालय संचालित होने के कारण यह भी लिखा था कि डीडवाना को जिला बनाने पर सरकार पर वित्तीय भार नहीं के बराबर बढ़ेगा।

### डीडवाना की यह है वर्तमान स्थिति

प्रशासनिक दृष्टि से डीडवाना में अतिरिक्त जिला कलक्टर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तक के विभागों की शृंखला पूर्ण हैं, न्यायिक दृष्टिकोण से जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय की शृंखला पूर्ण है। सार्वजनिक निर्माण विभाग का एस ई, जलदाय व विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता, जिला परिवहन अधिकारी, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, जिला अस्पताल, रोडवेज डिपो, अमृत भारत योजना में स्वीकृत रेलवे स्टेशन, प्रधान डाकघर, एलआईसी का जिला स्तरीय कार्यालय डीडवाना हैं। यहां पर राजस्थान का सबसे पुराना महाविद्यालय, संस्कृत महाविद्यालय, महिला महाविद्यालय भी संचालित है। राजस्थान से झुंझुनूं के बाद सर्वाधिक सैनिक डीडवाना से जाते हैं अतः कहा जा सकता है कि देश सेवा में भी अग्रणी है।

### आभानगरी के नाम से पहचान

इतिहासविदों के अनुसार सरस्वती नदी किनारे बसे डीडवाना शहर की पहचान आभानगरी के नाम से थी। इसके बाद शैव का दण्डकारण्य, जो पुस्कर से लोहारगल तक फैला हुआ था उस काल में 6 महाऋषियों का आश्रम स्थल, शैव धर्मियों का वासित क्षेत्र उपकाशी कहलाता था। उपकाशी के लुप्त होने के बाद विक्रम संवत 252(195 ईशा.) को व्यापारी डीडूशाह माहेश्वरी ने नमक झील किनारे डीडवाना की पुनः स्थापना की। (आभीरगणराज्य का वर्णन रामायण में व उपकाशी का वर्णन ब्रह्मोत्पति मार्तण्ड्य में उपलब्ध है)। अंग्रेजों के काल में डीडवाना लाट (वर्तमान में कलक्टर) मुख्यालय रहा है। मारवाड़ राज के चार प्रमुख परगने डीडवाना, नागौर, मेड़ता और परबतसर को मिलाते हुए नागौर जिला बनाया गया।

### क्या कहते हैं जानकार



आय की दृष्टि से डीडवाना मकराना के बाद सर्वाधिक आय देने वाला शहर है। यहां औद्योगिक क्षेत्र के अलावा भारत की प्रसिद्ध नमक झील है, जो एक जमाने में पूरे देश को नमक उपलब्ध कराने में अपना महत्तवपूर्ण योगदान निभाती थी। जिला स्तरीय खेल स्टेडियम सहित सरकारी कार्यालय हैं। डीडवाना दो-दो पंचायत समिति मुख्यालय (डीडवाना व मौलासर) और दो-दो विधायक (डीडवाना और लाडनूं विधानसभा का 25 प्रतिशत) का प्रतिनिधित्व करता है। एक अनुमान के अनुसार किसी भी जिले को घोषित करने पर राजस्थान सरकार पर लगभग 100 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार पड़ेगा, प्रदेश में कुछ ऐसे दावेदार भी है जहां लगभग सभी जिला स्तरीय कार्यालय कार्यरत होने के कारण मात्र लगभग 30 करोड़ रुपए के अतिरिक्त भार पर जिला मुख्यालय बनाया जा सकता है। प्रदेशभर से जिला मुख्यालय के लिए 59 शहर-कस्बों ने मांग की है, उनमें कुछ शहर तो ऐसे है जहां अभी तक विधानसभा सीट तक नहीं है। तहसील स्तरीय विभाग भी कार्यरत नहीं है। इन्ही कारणों से कमेटी को अपनी रिपोर्ट पेश करने में विलंब हो रहा है।

**सलीम खान पठान,** वरिष्ठ कलमकार

### 23 जिलों के 59 शहरों को जिला मुख्यालय बनाने की मांग-

- जयपुर से - सांभर, शाहपुरा, फुलेरा, कोटपूतली, विराटनगर, दूदू
- नागौर से - डीडवाना, कुचामन, मकराना, मेड़ता, सुजला (लाडनूं)
- सीकर से - नीम का थाना, फतेहपुर, श्रीमाधोपुर, खण्डेला
- गंगानगर से - अनुपगढ, सूरतगढ, घड़साना, विजय नगर
- उदयपुर से - सलूंबर, खेरवाड़ा, सराड़ा, भींडर
- अलवर से - बहरोड़ खेरथल, भीवाड़ी, कोटकासिम
- भरतपुर से - डीग, बयाना, कामां नगर
- अजमेर से - ब्यावर, केकड़ी, मदनगंज, किशनगढ
- चूरू से - सुजानगढ, रतनगढ, सरदारशहर
- पाली से - बाली, सुमेरपुर, फालना
- बाड़मेर से - बालोतरा, गुडा मालानी
- हनुमानगढ से - नोहर भादरा
- जालोर से - भींनमाल, सांचौर
- दौसा से - महवा, बांदीकुई
- सवाई माधोपुर से - गंगापुरसिटी
- चित्तौड़ से - रावतभाटा
- झालावाड़ से - भवानी मंडी
- करौली से - हिंडौनसिटी
- भीलवाड़ा - शाहपुरा
- जैसलमेर से - पोकरण
- जोधपुर से - फलौदी
- बीकानेर से - नोखा
- बारां से - छबड़ा

---

# हरिण का शिकार कर मीट पकाता शिकारी गिरफ्तार

पत्रिका लाइव रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

**जायल.** नागौर जिले के जायल पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम गुमानपुरा की सरहद में रविवार को हरिण के शिकार का मामला सामने आया। वन्यजीव प्रेमियों की सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर शिकारी को उसके घर से हरिण का मीट पकाते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। वन विभाग की सूचना पर सीआई हरीश सांखला ने मौके पर पहुंचकर अवैध टोपीदार बंदूक भी जब्त की। कार्यवाहक क्षेत्रीय वन अधिकारी कालूराम व भैरूराम सिंवर ने बताया कि वन्यजीव प्रेमियों से गुमानपुरा स्थित नायकों की ढ़ाणी में हरिण का शिकार करने की जानकारी मिलने पर उन सहित, वनपाल महीराम, वन रक्षक प्रहलाद राम, हड़मानराम मौके पर पहुंचे। वहां गुमानपुरा नायकों की ढ़ाणी निवासी उगमाराम पुत्र मोहनराम नायक को गिरफ्तार किया।



जायल. हरिण शिकार की घटना पर रोष प्रकट करते वन्यजीव प्रेमी।



जायल वन विभाग में गिरफ्तार आरोपी व जब्त सामग्री।

### हरिण की खाल, मीट व तराजू बरामद

वन विभाग की टीम ने आरोपी के पास से अवैध टोपीदार बंदूक, हरिण का कच्चा पक्का मास, खाल, सींग, मीट काटने के ओजार, चाकू, कुल्हाड़ी, लकड़ी का टुकड़ा, तराजू व बाट बरामद किए। संभवतः आरोपी हरिण का शिकार कर मीट बेचने का काम करता है।

### वन्यजीव प्रेमियों ने जताया रोष

हरिण शिकार की जानकारी मिलते ही रोटू के वन्यजीव प्रेमी लक्ष्मीनारायण बिश्नोई, बस्तीराम भादू, भागचन्द ठेकेदार, नानूराम राहड़, प्रेम ज्याणी, प्रेमप्रकाश डेलू, सुभाष लोमरोड़, जेडी डेलू, महीराम भादू, ओमप्रकाश भादू सहित टीम मौके पर पहुंची। टीम ने वन विभाग को रिपोर्ट देकर आदतन शिकारियों के खिलाफ कठोर कारवाई का आग्रह किया।

# सुपका के बागदास मंदिर में मूर्ति स्थापना 26 को

**डीडवाना @ पत्रिका.** निकटवर्ती ग्राम सूपका में नवनिर्मित मंदिर में 26 जनवरी को बागदास महाराज की मूर्ति स्थापना की जाएगी। इस मौके पर भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। मैंगदास महाराज बिठुडा व नवरतन बेलवाल नंगवाडा के द्वारा भजन प्रस्तुतियां दी जाएगी। श्रद्धालु हनुमानराम सूपका ने बताया कि मंदिर का निर्माण ग्रामीणों द्वारा 5 लाख रुपए का आर्थिक सहयोग करते हुए करवाया गया है। इस उपलक्ष्य में भजन संध्या व प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

### बारानी मामले में सांसद गहलोत ने भेजा परिवहन मंत्री को पत्र

**नागौर @ पत्रिका.** राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत ने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजकर नागौर के बारानी गांव से गुजरने वाले हाईवे पर आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी प्रबंध करने की मांग की है। पत्र में सांसद ने बताया कि जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव बारानी से नेशनल हाईवे-62 गुजरता है। इस हाईवे के दोनों तरफ पूर्व व पश्चिमी भाग में गांव बसा हुआ है। इस गांव के दोनों ओर के बस स्टैंड के समीप ही आंगनबाड़ी, पंचायत भवन, उप स्वास्थ्य केंद्र, पशु चिकित्सालय, पीएचइडी, नहरी पेयजल वितरण प्वाइंट स्थित हैं। इसके साथ ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के साथ-साथ एक निजी विद्यालय भी स्थित है, जो हाईवे के किनारे पर ही हैं। इससे यहां लोगों का आवागमन रहता है और आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं।

# कानूनी कार्रवाई के आश्वासन पर परिजनों ने मजदूर का शव लिया

### मिक्सचर मशीन गिरने से दबकर मजदूर की मौत का मामला

**मौलासर @ पत्रिका.** आरसीसी मिक्सचर मशीन के नीचे दबने से मरे मजदूर का शव रविवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस की समझाइश और कानूनी कार्रवाई के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर शव लेने को राजी हुए। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है। थाना अधिकारी जसवंत देव रलिया ने बताया कि मोहनलाल पुत्र प्रेमाराम रैगर निवासी बांसा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मौलासर के धनकोली रोड पर सरकारी आईटीआई कॉलेज का निर्माण हो रहा है, जिसमें उसका भाई राजूराम (39) मजदूरी करता था। [illegible] जनवरी को गांव से यहां [illegible] पर आया था। निर्माणकर्ता सौरभ कन्स्ट्रक्शन कम्पनी के मालिक / मुनीम के आदेशानुसार दस बारह फीट की गहराई पर मसाला, आरसीसी बिछा रहा था तथा बाहर मिक्सचर मशीन चल रही थी, जो दोपहर करीब 2 से 3 बजे के आसपास अचानक मशीन चालक के लापरवाही बरतने व मिट्टी ढहने से मशीन पलट गई। वहां नीचे काम कर रहे मेरे भाई राजूराम को मशीन की टक्कर लगने एवं मशीन के नीचे दबने से उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस से उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। गौरतलब है कि शनिवार को दुर्घटना के बाद से मृतक के परिजन, ग्रामवासी, आरएलपी नेता मदन बल्हारा आदि मोर्चरी के बाहर धरने पर बैठे थे। जिन्हें रविवार को डीडवाना सीओ गोमाराम, मौलासर थाना अधिकारी जसवंत देव रलिया ने उचित कानूनी कार्रवाई करने का विश्वास दिलाते हुए धरना समाप्त करवाया।



मौलासर. पोस्टमार्टम के लिए कार्यवाही करती पुलिस।

### आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आज से

**नागौर @ पत्रिका.** महावीर इंटरनेशनल नागौर की ओर से आयुर्वेदिक हॉस्पिटल नेचुरोपैथी पंचकर्म सेंटर में ब्यावर के सदगुरु हर्ब्स के सहयोग से निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन 23 व 24 जनवरी को किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष गौतम चंद कोठारी ने बताया कि शिविर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक संस्था के भवन रोग निदान केन्द्र में लगाया जाएगा। डॉ. रविन्द्र नादवेकर व वैद्य अमित कुमार शर्मा मधुमेह, ब्लड प्रेशर, कैंसर, बीपी, घुटनों में दर्द, निःसंतानता व टीबी, हार्ट, मोटापा, किडनी सहित अन्य बीमारियों की जांच कर आवश्यक परामर्श देंगे। संस्था सचिव राजेश रावल ने बताया कि मरीज अपनी डॉक्टर की पुरानी पर्ची साथ लाएं।

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
[illegible] नागौर-341001 (राज.), ई-मेल rorpcb.nagaur@gmail.com
क्रमांक: राप्रनिम/आरओ-नागौर/पी.यू.बी.-147/2012 दिनांक: 18.01.2023
पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना
01. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैसोनरी स्टोन क्लस्टर ऑफ माइनिंग प्रोजेक्ट (Ref. No.-2021100048445, एम.एल.नं. 07/12, 11/10, 34/14, 33/14, 05/18, 09/13, 03/18, 02/18), कुल अनुमानित क्लस्टर उत्पादन क्षमता 7,32,522 TPA (ROM) कुल क्लस्टर क्षेत्र 9.9798 हेक्टेयर, आवेदक मैसर्स श्री श्रवण राहड़ पुत्र श्री संग्राम सिंह राहड़, अनुमानित खनन उत्पादन क्षमता 1,23,750 TPA (ROM) (सेलेबल मिनरल-86,625 TPA & वेस्ट मिनरल- 37,125 TPA), लीज क्षेत्र- 1.9798 हेक्टेयर खसरा नं. 139, गांव-दुजार, तहसील-लाडनूं, जिला-नागौर से संबंधित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।
02. और चूंकि श्री श्रवण राहड़ पुत्र श्री संग्राम सिंह राहड़, ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 और एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के प्रावधानों के अनुसरण में जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।
03. उक्त समूह खनन परियोजना से संबंधित समूह EIA/EMP Report एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध है:-
01. जिला कलेक्टर, नागौर। 02. CEO जिला परिषद् नागौर। 03. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय, 4-संस्थानिक क्षेत्र, झालना डूंगरी, जयपुर। 04. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर। 05. क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, जयपुर। 06. उपखण्ड अधिकारी, लाडनूं। 07. क्षेत्रीय प्रबन्धक, रिको, नागौर। 08. जिला उद्योग केन्द्र, नागौर। 09. ग्राम पंचायत, दुजार। 10. भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र (आई.टी. सेन्टर) गांव- दुजार, तहसील- लाडनूं, जिला- नागौर।
अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, नागौर के पत्र क्रमांक न्याय/प्रदूषण/ज.सु.2022/328 दिनांक 16.01.2023 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु दिनांक 03.03.2023 (शुक्रवार) को दोपहर 12:00 बजे स्थान- भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र (आई.टी. सेन्टर) गांव दुजार, तहसील- लाडनूं, जिला- नागौर में उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आक्षेप/सुझाव प्रस्तुत कर सकते है।
इस संबंध में लिखित आक्षेप/सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, नागौर, जिला-नागौर को भी दिये जा सकते है। यह आम सूचना वैश्विक महामारी कोविड-19 से संबंधित केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशों के अनुरूप एवं अधीन रहेगी तथा सभी प्रावधानों/सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।
भवदीय
(सविता)
क्षेत्रीय अधिकारी

क्षेत्रीय कार्यालय
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
[illegible] नागौर-341001 (राज.), ई-मेल rorpcb.nagaur@gmail.com
क्रमांक: राप्रनिम/आरओ-नागौर/पी.यू.बी.-146/2006 दिनांक: 18.01.2023
पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना
01. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसोनरी स्टोन माइनिंग क्लस्टर प्रोजेक्ट (Ref. No.-2021100046069, एम.एल.नं. 07/12, 11/10, 34/14, 33/14, 05/18, 09/13, 03/18, 02/18), कुल क्लस्टर क्षेत्र- 9.9738 हेक्टेयर, कुल अनुमानित क्लस्टर उत्पादन क्षमता 709172 TPA(ROM) आवेदक मैसर्स किसान कन्सट्रक्सन कम्पनी, क्षेत्र 1.9738 हेक्टेयर, खसरा नं. 624/155, 686/155, अनुमानित खनन उत्पादन क्षमता 100400 TPA(ROM) (सेलेबल मिनरल-70280 TPA & वेस्ट मिनरल-30120 TPA), गांव-दुजार, तहसील-लाडनूं, जिला- नागौर से संबंधित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।
02. और चूंकि मैसर्स किसान कन्सट्रक्सन कम्पनी, ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 और एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के प्रावधानों के अनुसरण में जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।
03. उक्त समूह खनन परियोजना से संबंधित समूह EIA/EMP Report एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध है:-
01. जिला कलेक्टर, नागौर। 02. CEO जिला परिषद नागौर। 03. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय, 4-संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर। 04. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर। 05. क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, जयपुर। 06. उपखण्ड अधिकारी, लाडनूं। 07. क्षेत्रीय प्रबन्धक, रिको, नागौर। 08. जिला उद्योग केन्द्र, नागौर। 09. ग्राम पंचायत, दुजार। 10. भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र (आई.टी. सेन्टर) गांव- दुजार, तहसील- लाडनूं, जिला- नागौर।
अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, नागौर के पत्र क्रमांक न्याय/प्रदूषण/ज.सु.2022/335 दिनांक 16.01.2023 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु दिनांक 03.03.2023 (शुक्रवार) को प्रातः 11:00 बजे स्थान- भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र (आई.टी. सेन्टर) गांव दुजार, तहसील- लाडनूं, जिला- नागौर में उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आक्षेप/सुझाव प्रस्तुत कर सकते है।
इस संबंध में लिखित आक्षेप/सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, नागौर, जिला-नागौर को भी दिये जा सकते है। यह आम सूचना वैश्विक महामारी कोविड-19 से संबंधित केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशों के अनुरूप एवं अधीन रहेगी तथा सभी प्रावधानों/सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।
भवदीय
(सविता)
क्षेत्रीय अधिकारी

# क्षेत्रीय कार्यालय

# राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

प्रथम चरण, सहकारी भूमि विकास बैंक, कॉलेज रोड, पुलिस लाइन के सामने, नागौर-341001 (राज.), ई-मेल- rorpcb.nagaur@gmail.com

क्रमांकः राप्रनिम/आरओ-नागौर/पी.यू.बी.-146/2006 दिनांकः 18.01.2023

## पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आम सूचना

01. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसोनरी स्टोन माइनिंग क्लस्टर प्रोजेक्ट (Ref. No.- 20211000046069, एम.एल.नं. 07/12, 11/10, 34/14, 33/14, 05/18, 09/13, 03/18, 02/18), कुल क्लस्टर क्षेत्र- 9.9738 हेक्टेयर, कुल अनुमानित क्लस्टर उत्पादन क्षमता 709172 TPA(ROM) आवेदक **मैसर्स किसान कन्स्ट्रक्सन कम्पनी**, क्षेत्र 1.9738 हेक्टेयर, खसरा नं. 624/155, 686/155, अनुमानित खनन उत्पादन क्षमता 100400 TPA(ROM) (सेलेबल मिनरल-70280 TPA & वेस्ट मिनरल-30120 TPA), गांव-दुजार, तहसील- लाडनूं, जिला- नागौर से संबंधित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहां तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।

02. और चूंकि **मैसर्स किसान कन्स्ट्रक्सन कम्पनी,** ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 और एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के प्रावधनों के अनुसरण में जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य हैं।

03. उक्त समूह खनन परियोजना से संबंधित समूह EIA/EMP Report एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ उपलब्ध हैः-

01. जिला कलेक्टर, नागौर।, 02. CEO जिला परिषद् नागौर।, 03. राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय, 4-संस्थानिक क्षेत्र, झालना डूंगरी, जयपुर। 04. पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर। 05. क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, जयपुर। 06. उपखण्ड अधिकारी, लाडनूं। 07. क्षेत्रीय प्रबन्धक, रिको, नागौर। 08. जिला उद्योग केन्द्र, नागौर। 09. ग्राम पंचायत, दुजार। 10. भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र (आई.टी. सेन्टर) गांव- दुजार, तहसील- लाडनूं, जिला- नागौर।

अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, नागौर के पत्र क्रमांक न्याय/प्रदूषण/ज.सु.2022/335 दिनांक 16.01.2023 के क्रम में इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु दिनांक 03.03.2023 (शुक्रवार) को प्रातः 11:00 बजे स्थान- भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केन्द्र (आई.टी. सेन्टर) गांव दुजार, तहसील- लाडनूं, जिला- नागौर में उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आक्षेप/सुझाव प्रस्तुत कर सकते है।

इस संबंध में लिखित आक्षेप/सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, नागौर, जिला-नागौर को भी दिये जा सकते है। यह आम सूचना वैश्विक महामारी कोविड-19 से संबंधित केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर पारित निर्देशों के अनुरूप एवं अधीन रहेगी तथा सभी प्रावधानों/सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।

भवदीय

(सविता)

क्षेत्रीय अधिकारी